नव भारत
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाया

## बोले अमित शाह – जैसा प्रधानमंत्री ने कहा था तीनों सेनाओं ने कर दिखाया


**नयी दिल्ली,30 जुलाई, संसद के मानसून सत्र में बुधवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष और सरकार आमने-सामने आ गए. विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब की मांग करता रहा, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने मोर्चा संभालते हुए विपक्ष के सवालों का जवाब दिया.**



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमले के बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हम आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे और इसलिए उन्होंने सेना को खुली छूट दे दी थी. हमारी तीनों सेना ने मिलकर पहलगाम हमले के गुनहगार को मिट्टी मिलाकर संपूर्ण विश्व को संदेश दिया कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को हम छोड़ते नहीं. शाह ने कहा कि कांग्रेस को आतंकवाद पर सवाल पूछने का अधिकार नहीं है क्योंकि उनके शासनकाल में पाकिस्तान आतंकी हमले भी करवाता था और उसे क्लीनचिट भी मिल जाती थी. कांग्रेस ने पोटा कानून का विरोध किया था. उनके शासनकाल में आए दिन बम धमाके होते थे लेकिन फिर भी कोई कठोर कानून नहीं लाए गए. दाऊद इब्राहिम समेत बड़े बड़े आतंकियों ने कांग्रेस शासन काल में ही देश छोड़कर पाकिस्तान में शरण ली और वहीं से ट्रेनिंग कैंप चलाते थे. वहीं, हमारी सरकार में 70 फीसदी आतंकी हमले में कमी आई है. हमने आतंकियों के इको सिस्टम को समाप्त किया. शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने पीओके को भारत से जाने दिया लेकिन हमारी सरकार इसे पाकिस्तान से लेकर आएगी.

विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच अमित शाह ने कहा, मुझसे निपट लो, काहे को प्रधानमंत्री जी को बुला रहे हो. उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि पीएम को सुनने का इतना ही शौक है क्या? इससे और तकलीफ होगी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा हुई, लेकिन अभी तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला.


### पीएम मोदी बोल नहीं पा रहे हैं : राहुल गांधी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम और टैरिफ पर बयान पर लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, स्पष्ट है, प्रधानमंत्री ने यह नहीं कहा है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं. सभी जानते हैं कि वह बोल नहीं पा रहे हैं. यही हकीकत है. अगर पीएम मोदी बोलेंगे, तो डोनाल्ड ट्रंप खुलकर बातें कहेंगे और पूरा सच सामने रखेंगे, इसीलिए पीएम मोदी बोल नहीं पा रहे हैं.

## पुंछ के मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू, 30 जुलाई.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना के जवानों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को ढेर करके घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया. रक्षा प्रवक्ता ने कहा, एक घुसपैठ विरोधी सफल अभियान में भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया. उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने आतंकवाादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया.





भारत द्वारा टेस्ट मैच बचाए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान का विवादास्पद व्यवहार !

# भारतीय उत्पादों पर लगाया 25% आयात शुल्क

## ट्रंप ने भारत को मित्र बताते हुए जुर्माने की घोषणा की

**वाशिंगटन, 30 जुलाई. अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर पहली अगस्त से 25 प्रतिशत उत्पाद शुल्क और रूस के साथ व्यापार करने के लिए जुर्माना लगाने की घोषणा की है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टुथ सोशल पर बुधवार को भारत को मित्र बताते हुए नये आयात शुल्क और जुर्माने की घोषणा की.**



उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भारत हमारा मित्र है, लेकिन वर्षों से हमने उनके साथ तुलनात्मक रूप से कम कारोबार किया है क्योंकि उनके आयात शुल्क काफी अधिक हैं, दुनिया में सर्वाधिक आयात शुल्कों में से एक. किसी अन्य देश की तुलना में उनके यहाँ गैर-मौद्रिक बाधाएँ सबसे कठोर हैं.

ट्रंप ने लिखा कि भारत बड़ी मात्रा में रूस से सैन्य उपकरण खरीदता है और ऐसे समय में जब सभी चाहते हैं कि रूस यूक्रेन में हत्याएं रोके दे, भारत चीन के साथ रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीददार है. उन्होंने अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिखा, इसलिए, भारत पहली अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क भरेगा, साथ ही इन सबके लिए जुर्माना भी.

उल्लेखनीय है कि इससे पहले अमेरिका ने जापान और यूरोपीय संघ पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था और कम आयात शुल्क के बदले दोनों अमेरिका में भारी निवेश करने पर सहमत हुये हैं.

### सरकार अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए उठायेगी आवश्यक कदम

नयी दिल्ली, 30 जुलाई. सरकार ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाये जाने पर बुधवार को कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में देश के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च महत्व देती है. आयात शुल्क पर ट्रंप सरकार के फैसले के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति के एक बयान को देखा है. सरकार उसके निहितार्थों का अध्ययन कर रही है.

# एक्यूआईएस की शमा गिरफ्तार

**गुजरात, 30 जुलाई. गुजरात एटीएस को आतंकी गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. टीम ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से अलकायदा से जुड़ी महिला आतंकी शमा परवीन को गिरफ्तार किया है.**



30 वर्षीय शमा परवीन झारखंड मूल की है, लेकिन बीते कुछ वर्षों से बेंगलुरु में रह रही थी. सूत्रों के अनुसार शमा अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) की मुख्य महिला सदस्य बताई जा रही है. गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने इस कार्रवाई को अहम सफलता बताया और कहा कि गुजरात पुलिस ने ऑनलाइन आतंकी मॉड्यूल को तोड़ने में सफलता हासिल की है. इससे पहले गुजरात एटीएस चार और आतंकियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें दिल्ली, नोएडा और गुजरात के निवासी शामिल हैं.

# चट्टान गिरने से लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो जवान शहीद


- अभियान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र से गुजर रहा था काफिला
- लद्दाख में कर्नल और लांस ने कर्तव्य निभाते दिया बलिदान

**श्रीनगर, 30 जुलाई. लद्दाख में बुधवार को सेना के काफिले के वाहन पर चट्टान गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत दो सैन्यकर्मियों की मौत हो गयी. अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह दुखद घटना सुबह करीब साढ़े 11 बजे हुई जब काफिला डुरबुक से चोंगताश तक प्रशिक्षण अभियान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र से गुजर रहा था.**

अधिकारियों के अनुसार, एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मी वाहन में यात्रा कर रहे थे तभी ऊंचाई से एक विशाल पत्थर टूटकर वाहन पर गिर गया. बचाव दल मौके पर पहुंचे और बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से घायल सैन्यकर्मियों को निकाला. उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को बचाने के प्रयासों के बावजूद उनकी मौत हो गई. सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने ड्यूटी के दौरान दो सैनिकों के शहीद होने की पुष्टि की है.

कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जीओसी, फायर एंड फ्यूरी कोर और सभी रैंक लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को सलाम करते हैं जिन्होंने 30 जुलाई 2025 को लद्दाख में कर्तव्य निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं.

### एक नजर में



#### रूस में 8.7 तीव्रता का आया भूकंप

**मॉस्को/टोक्यो/सैन फ्रांसिस्को.** रूस के कामचटका क्षेत्र में बुधवार तड़के 8.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद प्रशांत महासागर के कई तटीय इलाकों में सुनामी का खतरा बढ़ गया है. इस आपदा को देखते हुए सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कैलिफोर्निया, हवाई और अमेरिका के अन्य पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए विशेष सुरक्षा चेतावनी जारी की है.

# निसार ने अंतरिक्ष में भरी उड़ान

## जीएसएलवी रॉकेट दोहरे बैंड वाला पहला रडार सेटेलाइट

**श्रीहरिकोटा, (आंध्र प्रदेश), 30 जुलाई. भारत के जीएसएलवी रॉकेट ने बुधवार शाम भारत-अमेरिका संयुक्त पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निसार को लेकर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफलतापूर्वक उड़ान भरी.**



सूर्य समकालिक धुव्रीय रॉकेट जीएसएलवी ने नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को लेकर शाम 17.40 बजे यहां से उड़ान भरी. कुल 420.5 टन भार वाले 51.70 मीटर ऊँचे तीन-चरणीय रॉकेट ने 27.5 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद दूसरे लॉन्च पैड से सफर प्रारंभ किया.

रॉकेट के आकाश में उड़ान भरने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा, उड़ान सामान्य है. निसार उपग्रह जीएसएलवी रॉकेट से अलग होने के बाद भूमध्य रेखा से 98.405 डिग्री के झुकाव के साथ 743 किलोमीटर की सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित हो जाएगा. इसरो की एक नासा ने एल-बैंड एसएआर, उच्च-दर दूरसंचार उप-प्रणाली, जीपीएस रिसीवर और तैनाती सक्षम एंटीना प्रदान किया है. इस मिशन में कई नयी खूबियां हैं. निसार दोहरे बैंड वाला पहला रडार सेटेलाइट है.

### उपग्रह सभी मौसमों में चौबीसों घंटे ले सकता है तस्वीरें

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने उपग्रह की चौबीसों घंटे निगरानी क्षमताओं का उल्लेख करते हुये कहा कि निसार उपग्रह सभी मौसमों में, चौबीसों घंटे तस्वीरें ले सकता है. यह भूस्खलन का पता लगाने, जलवायु परिवर्तन की निगरानी करने और आपदा प्रबंधन में सहायता करेगा. इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन, नासा, जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों सहित मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक इसकी उड़ान पर पैनी नज़र बनाए हुए हैं. एक दशक से भी अधिक समय से चले इस ऐतिहासिक मिशन पर 1.5 अरब डॉलर से अधिक का खर्च आया है और यह पृथ्वी पर प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरणीय परिवर्तनों की निगरानी के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है.

### गुस्ताखी माफ




**बुलडोजर एक्शन** | ड्रग्स तस्करों की 50 करोड़ की संपत्ति पर हुई कार्रवाई

# यासीन के अवैध आशियाने जमींदोज

**भोपाल,30 जुलाई. राजधानी में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई. बुधवार को बिलखिरिया थाना क्षेत्र के कोकता इलाके में यासीन मछली और शाहवर मछली के अवैध ठिकानों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया. दोनों आरोपियों ने करीब 50 करोड़ रुपये की शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा था.**

जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने 15 से 20 जेसीबी और करीब 200 जवानों के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया. यासीन और शाहवर पर ड्रग्स तस्करी, अपहरण, मारपीट और महिलाओं से दुर्व्यवहार जैसे गंभीर आरोप हैं. जानकारी के मुताबिक, 10 दिन पहले क्राइम ब्रांच ने यासीन को एक ग्राम ड्रग्स और पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने अपने चाचा शाहवर का नाम भी लिया, जिसके पास से दो ग्राम ड्रग्स बरामद हुई.

### इन ठिकानों पर हुई कार्रवाई

शकील अहमद का फार्म हाउस (खसरा नंबर 55) शासकीय भूमि, अनंतपुरा कोकता, शारिक अहमद का 40,000 वर्गफीट का वेयरहाउस, शकील अहमद का सुमन फार्म,इरशाद अहमद का कारखाना,अता उल रहमान द्वारा बनाया गया अवैध मदरसा, शारिक, सोहेल और शफीक अहमद की तीन मंजिला कोठी सभी वार्ड 62, अनंतपुरा कोकता स्थित शासकीय भूमि पर बने. जांच में यासीन के मोबाइल से आपत्तिजनक वीडियो, हथियारों की तस्वीरें और युवकों की पिटाई के क्लिप भी बरामद हुए हैं. फिलहाल क्राइम ब्रांच उससे गहन पूछताछ कर रही है.

